**एक नजर में**

## एनसीसी पीएम साइकिल रैली 1 जनवरी को देवास में



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा, एनसीसी अधिकारी डॉ संजय गाडगे, 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार ने बताया कि शौर्य के कदम क्रांति की ओर थीम पर आधारित एवं एनसीसी महाराष्ट्र निदेशालय द्वारा आयोजित पीएम साइकिल रैली पुणे से दिल्ली तक आयोजित की जा रही है। साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य महान मराठा साम्राज्य के शासक बाजीराव प्रथम द्वारा पुणे से लेकर दिल्ली तक जिस मार्ग से अपने साम्राज्य का विस्तार किया था उसी मार्ग पर यह साइकिल रैली आयोजित की गई है। लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को यह साइकिल रैली महू से देवास के लिए प्रस्थान करेगी। रैली का देवास में दोपहर 1 बजे तक पहुंचने का अनुमान है। पीएम रैली का स्वागत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में एनसीसी कैडेट्स, गणमान्य नागरिको, भूतपूर्व सैनिकों द्वारा किया जाएगा। रैली के मुख्य अतिथि देवास जिला के कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत रहेंगे। साइकिल रैली के भव्य स्वागत के लिए एनसीसी अधिकारी एवं देवास में साइकिल रैली के समन्वयक कैप्टन डॉ संजय गाडगे ने बताया कि इस हेतु आवश्यक कार्य किए जा रहे है एवं जिला पुलिस एवं प्रशासन से आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है।अनुरोध है कि कृपया साइकिल रैली को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका अदा करें। इस अवसर पर कैप्टन डॉ संजय सिंह बरौनिया, सूबेदार बलविंदर सिंह, डॉ संदीप नागर, जितेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## श्रीवास्तव बनीं कायस्थ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष



**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव को महिला प्रदेश अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर महासभा के विभिन्न पदाधिकारियों,समाजसेवियों और शुभचिंतकों ने उन्हे बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत



**सोनकच्छ।** सोनकच्छ थाना क्षेत्र के ग्राम गंधर्वपुरी के समीप सोनकच्छ पीपलरावा रोड माली घाटी पर शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी और मौके से वाहन सहित फरार गया, टक्कर के कारण बाइक चालक घायल होकर रोड के समीप गिर गया राहगीरों की मदद से घायल व्यक्ति ओमप्रकाश शर्मा निवासी बैराखेड़ी को इलाज के लिए सोनकच्छ के शासकीय अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी डॉक्टर रामराज परमार द्वारा घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया मृतक ग्राम बेराखेड़ी के निवासी होकर रिटायर्ड शिक्षक थे जो ग्राम बेराखेड़ी से ग्राम गंधर्वपुरी जा रहे थे तभी यह घटना घटित हो गई घटना को लेकर सोनकच्छ पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## लीला देवी गुप्ता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**बागली।** पत्रकार जगदीश गुप्ता एवं मुकेश गुप्ता की माता लीला देवी भागीरथ गुप्ता का विगत दिनों 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में प्रशासनिक राजनीतिक और साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक शामिल रहे। नगर परिषद महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव, प्रेस क्लब आफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील योगी एवं प्रदेश पदाधिकारी डी एल चौहान, अरविंद सिंह लोधी, दिलीप भाटी, गुलाब कारपेंटर, नगर परिषद सीएमओ प्रमोद बुरवा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरकारी स्कूलों के छात्रों में बढ़ रहा आत्मविश्वास



**देवास।** शासकीय चिमनाबाई विद्यालय की होनहार छात्रा आकांक्षा पटेल द्वारा राइट टू एजुकेशन (आरटीई) कार्यकर्ता एवं एडवोकेट मनोज श्रीवास्तव का साक्षात्कार लिया गया। छात्रा आकांक्षा ने स्पष्ट, संवेदनशील एवं प्रभावी प्रश्नों के माध्यम से न केवल संवाद कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में निहित संभावनाओं को भी रेखांकित किया। मनोज श्रीवास्तव ने आकांक्षा पटेल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रतिभा किसी भी प्रकार से निजी स्कूलों से कम नहीं है। एज्युकेशन फॉर ऑल (ईएफए) योजना के सकारात्मक परिणाम आज प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहे हैं। आवश्यकता है कि इन प्रयासों को निरंतरता और नवाचार के साथ और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य राजीव सातपुते, शिक्षिका एव स्कूल मीडिया सेंटर की प्रभारी अर्चना डोडवे वरिष्ठ शिक्षक संजय जोशी तथा पूरी टीम को भी बधाई देते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन एवं प्रयासों से सरकारी विद्यालयों के बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद क्षमता और रचनात्मकता को नया मंच मिला है। यह सरकारी स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक परिवर्तन का द्योतक है। साक्षात्कार में शिक्षा, अवसर, प्रतिभा संवर्धन तथा समाज के वंचित वर्ग के बच्चों तक शिक्षा पहुँचाने जैसे मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा हुई। मनोज श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि यदि सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों को बेहतर प्रबंधन और तकनीक से जोड़ा जाए, तो हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ सकता है। यही एज्युकेशन फॉर ऑल योजना का मूल उद्देश्य है।

# नायरा पेट्रोल पंप लूट में कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

**प्रेम और पैसों के लिए रची थी साजिश**
**चार आरोपी गिरफ्तार**




**देवास।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उज्जैन रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर हुई लगभग दो लाख रुपए की लूट का पुलिस ने रविवार को सनसनीखेज खुलासा किया है। इस वारदात का मास्टरमाइंड पेट्रोल पंप का ही एक कर्मचारी निकला, जिसने प्रेम संबंध और पैसों की जरूरत के चलते लूट की साजिश रची थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सूरज उर्फ सूरज परमार एक युवती से प्रेम करता था और उससे विवाह करने के लिए उसे पैसों की आवश्यकता थी। इसी आर्थिक दबाव और लालच के कारण उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। घटना के बाद सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया। देवास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

### संदेह पर पूछताछ में पकड़ा गया

यह घटना 13 दिसंबर 2025 की रात को हुई थी। पेट्रोल पंप का कैशियर आनंद कुशवाह दिनभर की बिक्री का लगभग 1,99,980 रुपए नकद लेकर रात करीब 11.30 बजे अपने घर जा रहा था। बीमा चौराहे के आगे बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने कैशियर को घेर लिया और उससे नकदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

जांच के दौरान पुलिस को पेट्रोल पंप के कर्मचारी सूरज पर संदेह हुआ, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

**चार आरोपी गिरफ्तार**

पूछताछ में सूरज ने कबूल किया कि उसने अपने साथियों अरुण उर्फ करण, मोहित उर्फ कालिया और विकास उर्फ तेजा सोलंकी के साथ मिलकर इस लूट को अंजाम दिया था। चारों आरोपी उज्जैन से देवास आए थे और उन्होंने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से 1,16,700 रुपए नकद, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल, लूटी गई रकम से खरीदा गया घरेलू सामान, एक काले रंग का बैग और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। शेष रकम आरोपियों के बैंक खातों में होल्ड करा दी गई है।

# किंग जॉर्ज स्कूल ने जीता गोल्ड मेडल




**देवास।** किंग जॉर्ज स्कूल की संचालिका अलका कनौजिया ने बताया कि 24 से 25 दिसंबर 2025 यूनाइटेड रोलर स्पोर्ट्स, ढ़ेलपुर, मोहली पंजाब में 9वीं रोलर बास्केटबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता ओर ओपन स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विद्यालय के खिलाड़ी जूनियर वर्ग में हरिप्रिया यादव, ध्रुव चौहान, ने मध्य प्रदेश की टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही पीयूष राठौर, अंशुमान चौहान, प्रिंस देतलिया ने मध्य प्रदेश की टीम से खेलते हुए कांस्य पदक।

अथर्व शर्मा ने अंडर 11 में खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया। कोच विशाल सिंह ने बताया स्पीड स्केटिंग में हरिप्रिया यादव ने 250 और 500 मीटर में गोल्ड तथा ध्रुव चौहान का 250 मीटर में, 500 मीटर में सिल्वर, अंशुमान चौहान ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अथर्व शर्मा, प्रिंस देतलिया एवं अथर्व शर्मा का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। स्पोर्ट इंचार्ज राजेश सोलंकी, कोच विशाल सिंह, प्रिंसिपल सुनीता शर्मा, एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



**भौरासा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस सेवा दल के आव्हान पर कांग्रेस का 140 वा स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवा दल का 102 वा स्थापना दिवस सम्मान समारोह के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया। सर्व प्रथम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव ने भारत माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कांग्रेस का झंडा वंदन कर राष्ट्र गान गाया गया नगर के वरिष्ठ व बुजुर्ग कांग्रेस जनों का उनके घर निवास पर जाकर पुष्पमाला पहनाकर, साफा बांधकर,नगर के लक्ष्मीनारायण नागर (गुरु जी ), राधेश्याम नागर (नानागुरु) हाजी साबिर सेठ, हाजी बाबू खा ठेकेदार, ओमप्रकाश चौधरी, नेताजी,पूर्व पार्षद कालूराम चौहान आदी का स्वागत सम्मान किया गया। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजी राम यादव व दिनेश यादव ने कांग्रेस के इतिहार ओर वर्तमान पर प्रकाश डाला। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद इनानी के नेतृत्व मे मिठाई बांटी। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, कांतिलाल यादव,पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, अफजल मंसूरी, पीरु भाई ठेकेदार, प्रकाश मंत्री, अनिल जायसवाल, चांद साहब, इरफान मदनी, शशि प्रकाश सोनी रमेश चंद गुर्जर ,अर्जुन सिंह गुर्जर,अयूब टाइगर, दिनेश मालवीय आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# वन विभाग की नाक के नीचे सागवान का किया सफाया

**रेस्ट हाउस के पास दर्जनों प्रतिबंधित पेड़ कटे**
**मिलीभगत या लापरवाही ? उठ रहे सवाल**



**देवास।** सोनकच्छ क्षेत्र में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हुए प्रतिबंधित सागवान (टीक) के दर्जनों पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। यह कटाई पप्पू रिजॉर्ट के पीछे की गई, जहां से कुछ ही दूरी पर वन विभाग का रेस्ट हाउस स्थित है और 24 घंटे कर्मचारियों की मौजूदगी रहती है। इसके बावजूद इतने बड़े पैमाने पर अवैध कटाई होना विभागीय निगरानी पर सवाल खड़े करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिना किसी वैधानिक अनुमति, बिना चिन्हांकन और बिना ट्रांजिट पास के सागवान के पेड़ों को काटा गया। सूत्रों के मुताबिक यह कटाई पप्पू एंड पप्पू रिजॉर्ट के संचालक द्वारा कराई गई है। साथ ही वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर बाउंड्रीवाल निर्माण की भी जानकारी सामने आई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कटाई एक-दो पेड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से दर्जनों कीमती सागवान वृक्षों को काटकर उनकी लकड़ी हटाई गई। आरोप यह भी हैं कि वन विभाग को सूचना दिए जाने के बावजूद तत्काल कोई कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि कथित रूप से लकड़ी हटाने में सहूलियत दी गई। उल्लेखनीय है कि भारतीय वन अधिनियम 1927, वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 तथा मध्यप्रदेश वन नियमों के अंतर्गत सागवान जैसे संरक्षित वृक्षों की कटाई गंभीर एवं दंडनीय अपराध है। नियमों के अनुसार निजी भूमि पर भी सागवान काटने से पूर्व वन विभाग की लिखित अनुमति अनिवार्य होती है। दोष सिद्ध होने पर कारावास, भारी जुर्माना, लकड़ी, औजार एवं वाहनों की जब्ती तथा एफआईआर का प्रावधान है। यदि कटाई शासकीय अथवा वन भूमि के समीप पाई जाती है तो दंड और अधिक कठोर हो जाता है। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

नागरिकों ने मांग की है कि स्थल का निरीक्षण कर कटे पेड़ों की संख्या, कटाई की अवधि, लकड़ी के परिवहन, शासकीय वन भूमि पर अतिक्रमण तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। अब देखना यह होगा कि वन विभाग इस गंभीर मामले में कितनी तत्परता और पारदर्शिता से कार्रवाई करता है या यह मामला भी फाइलों तक सीमित रह जाएगा।

## 12 लाख रुपए गबन व रेत चोरी सहित कई मामलों का आरोपी पूर्व सरपंच गिरफ्तार

**देवास।** ग्राम पंचायत मुंडलादांगी का पूर्व सरपंच सुरेशसिंह पिता देवीसिंह गुर्जर, जो सीसी रोड व आंगनवाड़ी भवन निर्माण में शासकीय राशि के गबन, अवैध रेत उत्खनन, विद्युत उपकरण चोरी सहित कई आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार था, को पीपलरावां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध कुल 5 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं, वहीं उसके परिवार के सदस्यों पर करीब 37 आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। जिला पंचायत द्वारा की गई जांच में आरोपी पर करीब 12 लाख रुपये से अधिक की राशि गबन एवं अनियमितताओं का मामला सामने आया था, जिस पर वसूली के आदेश भी जारी किए गए थे। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से न्यायालय से फरार था और क्षेत्र में अपने प्रभाव व रसूख के दम पर कानून को चुनौती दे रहा था। पीपलरावां पुलिस ने बुधवार को आरोपी को उसके ही क्षेत्र में आयोजित एक बैठक के दौरान धरदबोचा। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित होने पर दी बधाई



**भौंरासा।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट - 3040 के वर्ष 2028 -29 के लिए रोटेरियन सुखदेव सिंह घुम्मन के निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित होने पर रोटरी क्लब भौंरासा ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजय जुलूस में सम्मिलित होकर भौंरासा रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ रूपसिंह नागर, सचिव किशोर कुमार वर्मा एवं रोटेरियन कन्हैया लाल खाटवा ने स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी। सुखदेव सिंह घुम्मन डिजियाना ग्रुप के प्रमुख होने के साथ सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी है और लंबे समय से रोटरी के माध्यम से जनकल्याण के कार्यों में जुड़े हुए हैं।


श्री घुम्मन के निर्वाचित होने पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मंत्री ,रघुवीर सिंह ठाकुर और राजेंद्र यादव ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का किया स्वागत



**टोंक खुर्द।** पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि छतर सिंह नागर के नेतृत्व में ग्राम रनायल कला मे अपने निज निवास पर नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के नव नियुक्त टोंक खुर्द ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश मंडलोई जैन ,सोनकच्छ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोदान सिंह पवार, चौबाराधीरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयपाल सिंह राजपूत,भोरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन सिंह यादव चारों ब्लॉक अध्यक्षों को साफा बंधवाकर पुष्पमालाओ पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कर्ता पूर्व ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री हातिम अली बोहरा,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विक्रम सिंह बामनिया,एडवोकेट गोविंद सिंह पटेल,नाथू सिंह झलाया, माखनलाल पटेल,अनोप सिंह पटेल, लाखन सिंह आचार्य, लोकेंद्र सिंह (लाला) गुर्जर, दिलीप मालवीय,छीतू लाल मालवीय, अखिलेश गुर्जर,सुरेंद्र यादव आदि ने किया।

## हसिबा खेलिबा धरिबा ध्यानम के साथ होगा तीन दिवसीय ध्यान शिविर



**देवास।** स्वामी योगेंद्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि ओशो की मूल देशना के साथ हसिबा खेलिबा धरिबा ध्यानम् के प्रयोगों के साथ नव वर्ष में प्रवेश के लिये 30 दिसम्बर से शुभारंभ होकर 31,01,02 जनवरी 26 शुक्रवार दोपहर तक इंदौर उज्जैन रोड पर स्थित तक्षशिला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम में स्वामी बोधि निजेन के दिव्य संचालन में नव वर्ष में प्रवेश हेतु हास्य, उमंग, उत्साह के ध्यान के प्रयोगों के साथ गहरे प्रवचनों के द्वारा आपके आने वाले समय में आनंद, मस्ती, अहोभाव का आगाज कराएंगे। इस हेतु स्वामी सागर हिमांशु, मां दिव्याम कांता, मां प्रेम वर्षा, स्वामी हर्षद नागर, मां प्रेम अंजु, स्वामी बोधि अशोक ने सहभागिता के लिए आग्रह किया है।

# दीपेश कानूनगो ने एक बार फिर गड्ढों को भरकर दिखाई गांधीगिरी



**देवास।** कांग्रेस पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने एक बार फिर से गांधी गिरी दिखाते हुए उज्जैन रोड ब्रिज पर हुए गड्डों को भरने का कार्य कर फिर से जिम्मेदारों को आईना दिखाया है। दीपेश कानूनगो ने बताया कि हमारे द्वारा पूर्व में भी कई बार उज्जैन रोड ब्रिज पर गड्डों के बारे में सांसद, विधायक, महापौर, सभापति एवं प्रशासनिक अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया था लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। हमारे द्वारा पूर्व में भी ब्रिज पर गड्डों को भरा गया था। ब्रिज पर बड़े गड्डो एवं सरियों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता था जिससे किसी भी दिन कोई बड़ी जन हानि हो सकती थी, क्योंकि इस ब्रिज से केवल दो पहिया वाहन ही नहीं यात्री बस, स्कूल बसें, कारें आदि भी गुजरती है। श्री कानूनगो ने बताया कि जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार अवगत कराने के बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था तो हमारे द्वारा इस ब्रिज की मरम्मत का कार्य जन हित में किया गया है, अब तो कम से कम अधिकारियों और जवाबदारों को इस और ध्यान देना चाहिये तथा इस ब्रिज पर और भी जो खामियां है उनमें सुधार करना चाहिये। श्री कानूनगो ने आरोप लगाते हुए कहा कि देवास में भाजपा का सांसद, विधायक, महापौर और सभापति होने के बाद भी जनहित के कार्यो में लापरवाही की जा रही है तथा केवल विकास का नारा दिया जा रहा है लेकिन अगर जमीनी हकीकत देखें तो जहां विकास की अधिक आवश्यकता है वहां ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है और पुराने विकास कार्यो की अनदेखी की जा रही है। इस अवसर पर विशाल यादव, साजी हाशमी, राकेश मिश्रा, विजय चौहान मोनू, मुकेश करोले, मनोज पाल, राहुल शर्मा, लोकेश सांखला, बंटी मकवाना, भरत चौहान, अनिकेत माली, मेघल चौहान, रितिक नवगोत्री, प्रथमसिंह पंवार, चीकू सोनी, राहुल गोयल, अनस हिंद एवं वार्डवासी मौजूद थे.

**एक नजर** अभी भी पानी लेना जारी रखा तो होगी सख्त कार्रवाई

# नदी से सीधे पानी लेने पर रोक वाले आदेश को नहीं मान रहे किसान



**बेहरी।** अक्टूबर माह में क्षेत्र में बाहर है नदी नालों मे बहते पानी को रोकने के लिए कई स्थान पर पंचायत द्वारा स्टाफ डेम बोरी बाधं और पक्के पाले पर गेट लगाकर पानी को रोक दिया गया हालांकि जब तक इसका बहना शुरू रहा तब तक किसानों को सीधे पानी लेने से कोई रोक नहीं थी। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया पानी का बहना पूरी तरह बंद हो गया उस समय पंचायत द्वारा पानी संग्रहण आदेश को जारी करते हुए किसानों से कहा कि वह अब सीधे जल मोटर द्वारा पानी लेना बंद करें आदेश नहीं मानने पर आर्थिक वसूली कार्रवाई होगी लेकिन उस आदेश का पालन तट किनारे रहने वाले किस नहीं कर रहे और लगातार पानी अपने खेतों की सिंचाई के लिए को खाली कर रहे हैं। स्थानीय पंचायत बॉडी के सदस्यों ने बताया कि यदि यही स्थिति रही तो जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में रोका गया पानी पूरी तरह खाली हो जाएगा और वर्ष भर मवेशियों को पीने के पानी की व्यवस्था की किल्लत आ जाएगी। सरपंच हुकम बछानिया ने बताया कि कोई भी किसान आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं मजबूरी में अब सख्त कार्रवाई करना होगी वरना सभी पानी खाली हो जाएगा तो आने वाले समय में मवेशी पलकों को ही तकलीफ होगी इसलिए गांव हित में किसान स्वयं सहयोग करते हुए नदी से पानी लेना बंद कर दें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ हेमंत सेठी ने बताया कि रुके हुए पानी से आसपास के ट्यूबवेल और कुवे रिचार्ज होते हैं ।